चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 13.2.26 | 4 | 2-4 |


# किसान नवीनतम तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं : बलदेव

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

कुलपति ने मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती है। इससे लघु एवं सीमांत किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जहर मुक्त खेती, ड्रोन तकनीक, पशुपालन व उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर डा. रमेश कुमार यादव, डा. अनिल कुमार सरोहा, डा. नरेन्द्र कुमार, डा. संदीप आर्य, डा. गजराज दहिया मौजूद रहे।



प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि प्रो. बलदेव राज काम्बोज • विज्ञप्ति

## मेले में नवाचार व उपयोगी कृषि मशीनरी का प्रदर्शन

कुलपति ने कहा कि प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी, उपकरणों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया है जिनमें आधुनिक तकनीक से बुवाई, कटाई, फसल प्रबंधन, ऊर्जा संचालित उपकरण तथा लघु एवं सीमांत किसानों के लिए उपयोगी यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है।

## 15 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। सरपंच नथूराम, नरेश कुमार, कुलबीर, सतबीर, मनोज, दिलीप, विक्रम, मक्खन, सुरेन्द्र, महेन्द्र, ईश्वर, मक्खन लाल, जयदेव, सुमित्रा और बाला शामिल है। अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजबीर गर्ग ने बताया कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग बढ़ रहा है। वीसी ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इनमें जतिन, अनमोल, भावना, अंजू, मायावती, अंजलि, सोनम, तमन्ना, पुष्पा और पूनम शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.2.26 | 3 | 3-5 |

• कृषि विज्ञान केन्द्र में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेले में बोले प्रो. काम्बोज

# किसान नवीनतम तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। किसान नवीनतम तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं। इससे लघु एवं सीमांत किसानों को भी फायदा होगा। किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों, उन्नत किस्मों के बीजों, फसल विविधीकरण सहित तमाम विषयों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जहर मुक्त खेती, ड्रोन तकनीक, पशुपालन व उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति ने कहा कि प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी, उपकरणों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया है।



मुख्यातिथि प्रो. बलदेव राज काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान एवं विद्यार्थी किए सम्मानित

कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। जिनमें सरपंच नथूराम, नरेश कुमार, कुलबीर, सतबीर, मनोज, दिलीप, विक्रम, मक्खन, सुरेन्द्र, महेन्द्र, ईश्वर, मक्खन लाल, जयदेव, सुमित्रा और बाला शामिल है अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग ने मेले में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण का उपयोग बढ़ रहा है। मेले में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सरोहा, कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजराज दहिया, फार्म निदेशक डॉ. ओपी बिश्नोई, मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर व डॉ. दलीप उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 13.2.26 | 12 | 3-6 |

प्रदर्शनी | हकृवि के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर में तकनीकी व मशीनरी मेला

## आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. काम्बोज

- किसानों को नई सोच, नई दिशा व संभावनाओं से जोड़ने का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार



हिसार। विद्यार्थियों, महिलाओं एवं किसानों को सम्मानित करते वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके की ओर से अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया। कुलपति प्रो. कम्बोज ने इस अवसर पर यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोडने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं।

### यह रहे उपस्थित

मेले में अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. अनिल कुमार सरोहा, डॉ. नरेन्द्र कुमार, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. गजराज दहिया, डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. दलीप, डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ स्वप्निल चौधरी थे।

### किसान-विद्यार्थी सम्मानित

मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 12.02.2026 | -- | -- |

# प्रदर्शनी : आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज

नभ-छोर न्यूज ▶▶| 12 फरवरी



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कुलपति ने कहा कि यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों एवं विद्यार्थियों को किया सम्मानित। मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जिनमें सरपंच नथूराम, नरेश कुमार, कुलबीर, सतबीर, मनोज, दिलीप, विक्रम, मक्खन, सुरेन्द्र, महेन्द्र, ईश्वर, मक्खन लाल, जयदेव, सुमित्रा और बाला शामिल है। अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग ने मेले में सभी का स्वागत किया। कुलपति ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में जतिन, अनमोल, भावना, अंजू, मायावती, अंजलि, सोनम, तमन्ना, पुष्पा तथा पूनम शामिल हैं। इस मौके पर डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. अनिल कुमार सरोहा, डॉ. नरेन्द्र कुमार, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. गजराज दहिया, डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. दिनेश तोमर व डॉ. दलीप उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ स्वप्निल चौधरी ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूं | 13.02.2026 | -- | -- |


# नवीनतम तकनीक व मशीनीकरण से किसान बढ़ाएं उत्पादन व आयः कुलपति काम्बोज



हिसार। मेले में आये हुए किसानों से बात करते हुए कुलपति काम्बोज

**हिसार (सच कहूँ/मांगे लाल)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने किया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि मशीनीकरण समय की बचत, लागत में कमी और उत्पादन वृद्धि का प्रभावी माध्यम है।

यह मेला किसानों को नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण और उद्यमिता से जोड़ने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि इससे वैज्ञानिकों और किसानों के बीच संवाद बढ़ेगा तथा लघु एवं सीमांत किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। मेले में आधुनिक बुवाई, कटाई, फसल प्रबंधन व ऊर्जा संचालित उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों और क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने सभी का स्वागत किया, जबकि डॉ. रमेश कुमार यादव ने कृषि में उन्नत यंत्रों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय व केवीके के अधिकारी, वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 12.02.2026 | -- | -- |


# किसान नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं: प्रो. बलदेव राज काम्बोज

हिसार 11 फरवरी- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया।



कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं। इससे लघु एवं सीमांत किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच संवाद स्थापित होगा जिसके माध्यम से किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों, उन्नत किस्मों के बीजों, फसल विविधीकरण सहित तमाम विषयों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जहर मुक्त खेती, ड्रोन तकनीक, पशुपालन व उधमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति ने कहा कि प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी, उपकरणों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया है जिनमें आधुनिक तकनीक से बुवाई, कटाई, फसल प्रबंधन, ऊर्जा संचालित उपकरण तथा लघु एवं सीमांत किसानों के लिए उपयोगी यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीक से परिचित कराना और उनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी देना है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, रखरखाव तथा लाभों की जानकारी दी गई।

मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों एवं विद्यार्थियों को किया सम्मानित मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। जिनमें सरपंच नथूराम, नरेश कुमार, कुलबीर, सतबीर, मनोज, दिलीप, विक्रम, मक्खन, सुरेन्द्र, महेन्द्र, ईश्वर, मक्खन लाल, जयदेव, सुमित्रा और बाला शामिल है अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग ने मेले में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण का उपयोग बढ़ रहा है। कुलपति ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में जतिन, अनमोल,, भावना, अंजू, मायावती, अंजलि, सोनम, तमन्ना, पुष्पा तथा पूनम शामिल हैं।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान समय में कृषि को उन्नत यंत्रों के प्रयोग द्वारा एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 12.02.2026 | -- | -- |


# किसान नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं: प्रो. बलदेव राज काम्बोज

» हकृवि के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला आयोजित






दक्ष दर्पण

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोडने का एक महत्त्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं। इससे लघु एवं सीमांत किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच संवाद स्थापित होगा जिसके माध्यम से किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों, उन्नत किस्मों के बीजों, फसल विविधीकरण सहित तमाम विषयों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जहर मुक्त खेती, ड्रोन तकनीक, पशुपालन व उद्यमिता के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। कुलपति ने कहा कि प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी, उपकरणों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया है जिनमें आधुनिक तकनीक से बुवाई, कटाई, फसल प्रबंधन, ऊर्जा संचालित उपकरण तथा लघु एवं सीमांत किसानों के लिए उपयोगी यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीक से परिचित कराना और उनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी देना है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, रखरखाव तथा लाभों की जानकारी दी गई।

**मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों एवं विद्यार्थियों को किया सम्मानित**-मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया। जिनमें सरपंच नथूराम, नरेश कुमार, कुलवीर, सतबीर, मनोज, दिलीप, विक्रम, मक्खन, सुरेन्द्र, महेन्द्र, ईश्वर, मक्खन लाल, जयदेव, सुमित्रा और बाला शामिल है अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग ने मेले में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण का उपयोग बढ़ रहा है। कुलपति ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में जतिन, अनमोल,, भावना, अंजू, मायावती, अंजलि, सोनम, तमन्ना, पुष्पा तथा पूनम शामिल हैं। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान समय में कृषि को उन्नत यंत्रों के प्रयोग द्वारा एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा रहा है। मेले में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार



सरोहा, कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजराज दहिया, फार्म निदेशक डॉ. ओपी बिश्नोई, मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर व डॉ. दलीप उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ स्वप्निल चौधरी ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 12.02.2026 | -- | -- |

## किसान नवीनतम तकनीकों एवं मशीनीकरण को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कमाएं : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोडने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों



एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं। इससे लघु एवं सीमांत किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच संवाद स्थापित होगा जिसके माध्यम से किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों, उन्नत किस्मों के बीजों, फसल विविधीकरण सहित तमाम विषयों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जहर मुक्त खेती, ड्रोन तकनीक, पशुपालन व उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति ने कहा कि प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी, उपकरणों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया है जिनमें आधुनिक तकनीक से बुवाई, कटाई, फसल प्रबंधन, ऊर्जा संचालित उपकरण तथा लघु एवं सीमांत किसानों के लिए उपयोगी यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीक से परिचित कराना और उनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी देना है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, रखरखाव तथा लाभों की जानकारी दी गई।

कुलपति ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में जतिन, अनमोल., भावना, अंजू, मायावती, अंजलि, सोनम, तमन्ना, पुष्पा तथा पूनम शामिल हैं।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान समय में कृषि को उन्नत यंत्रों के प्रयोग द्वारा एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मेले में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सरोहा, कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर के समन्वयक डॉ. नरेन्द्र कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजेराज दहिया, फार्म निदेशक डॉ. ओपी बिश्नोई, मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर व डॉ. दलीप उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ स्वप्निल चौधरी ने किया। फोटो कैप्शन- 1. मुख्यातिथि प्रो बलदेव राज काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए